# मेवाड़ यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह कल

**गंगरार |** मेवाड़ विश्वविद्यालय का छठा दीक्षांत समारोह 16 अप्रैल को होगा। मुख्य अतिथि भारत सरकार की लोकपाल सदस्य अर्चना सुंदरम होंगी। समारोह में महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ल, मंदसौर विष्वविद्यालय के कुलपति ब्रिगेडियर भरतसिंह रावत एवं एनसीसी कमांडेर कर्नल तेजेंद्र शर्मा विशिष्ट अतिथि रहेंगे। समारोह में 1400 विद्यार्थियों को उपाधियां दी जाएंगी।

# मेवाड़ विश्वविद्यालय में दीक्षान्त समारोह 16 को

गंगरार, 14 अप्रेल (जसं.) । मेवाड़ विश्वविद्यालय में छठा दीक्षान्त समारोह भारत सरकार की लोकपाल सदस्या अर्चना सुंदरम के मुख्य आतिथ्य में 16 अप्रेल को आयोजित किया जायेगा। जानकारी के अनुसार शनिवार को आयोजित छठे दीक्षान्त समारोह में महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल शुक्ल, मन्दसौर विश्वविद्यालय के कुलपति ब्रिगेडियर भरत सिंह रावत एवं एनसीसी कमाण्डर कर्नल तेजेन्दर शर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि के रुप में शिरकत करेंगे। दीक्षान्त समारोह में 1400 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जायेगी।